## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान घायल युवक की मौत



**उमरिया।** जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कोइलारी स्थित खेत में नरवार निवासी कमलेश पिता बुद्धू यादव उम्र करींब 35 वर्ष गंभीर हालत में मिला था, युवक को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। खबर है कि बुधवार की रात नरवार गांव के युवक कमलेश यादव पिता बुद्धू यादव पुराने विवाद के समझौते को लेकर कोयलारी गांव गया था, युवक को गांव के लोगों द्वारा लाठी-डंडे से पीटने के बाद घायल अवस्था में खेत में फेंक दिया था। गुरूवार की सुबह घायल कमलेश को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने उक्त मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। खबर है कि युवक की पिटाई प्रेम संबंध को लेकर हुई, हालाकि पुलिस ने मामला दर्ज किया है, जांच के बाद मामले का खुलासा होगा।

### युवती को डॉयल 108 की मदद से पहुंचाया अस्पताल

**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत जहरीले सेवन से पीड़ित लोरहा निवासी 18 वर्षीय युवती को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया है, जहां फिलहाल युवती इलाजरत है। बताया जाता है कि पीड़ति युवती के माता-पिता सुबह 5 बजे महुआ बीनने गए थे, जब वो वापस आये तो घर पर भारी भीड़ थी, जिसके बाद तत्काल 108 की मदद से युवती को परिजनों ने जिला अस्पताल लाया है। इस मामले में पिता ने बताया कि युवती सुबह निस्तार आदि के लिए खेत पर गई थी, इसी बीच पीछे से गांव की कोई महिला आई और पकड़ ली बाद में जबरदस्ती मुंह में किसी पदार्थ का सेवन कराया है, जिसके बाद युवती किसी तरह घर पहुंची और बेहोश हो गई, बाद में 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया है। इस पूरे मामले में क्या सच है,ये तो पुलिस जांच में साफ हो सकेगा, फिलहाल इस पूरी घटना के बाद पीड़ति युवती ज़िंदगी और मौत से जूझ रही है।

### 60 लीटर अवैध शराब जप्त



**मानपुर।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में मानपुर थाना प्रभारी के द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना पर 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को छापरौड निवासी रवि पिता तम्मू चौधरी तथा रोहित पिता तम्मु चौधरी से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब जिसकी कीमत 18000 रुपए जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शरद खंपरिया, एएसआई धनेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक सूर्य प्रकाश शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।

### चाकू चमकाते 2 धराये

**शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत 03 अपै्रल को मुखबिर सूचना मिली कि सौखी मोहल्ला एवं अभयकुंज के पास में कुछ व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा सौखी मोहल्ला में दबिश देकर आरोपी आशीष उर्फ गोल्डी मेश्राम पिता सुरेन्द्र मेश्राम उम्र 26 वर्ष निवासी सौखी मोहल्ला ईरानी बाडा को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला एवं अभयकंज के पास दबिश देकर आरोपी विजय कुशवाहा पिता रामगोपाल कुशवाहा निवासी सौखी मोहल्ला को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला जिसे जप्त कर उक्त आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रजनीश तिवारी एवं राकेश बागरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राजपत्र की बलि चढ़ा ईमानदारी का ढोल

## कैलाश जी वॉटर पार्क के सामने सजदा करता प्रशासन

### भू-जल का दोहन सहित कोर एरिया में हुआ निर्माण

शासन की निकम्मी और मतलबपरस्त फौज के चलते मनोरम, लोकरंजक धरती अब धीरे-धीरे अभिशप्त सी होती जा रही है। बांधवगढ़ पार्क की खूबसूरती का हर तरह से सौदा कर खुद तो रकम पीट रहे हैं, जबकि पार्क की सुरक्षा और उसके अस्तित्व को दांव पर लगा रहे हैं। पार्क की बेहतर व्यवस्था, अतिथि सत्कार और वन्य जीव पूरी दुनियां को अपनी ओर खींचते रहे हैं और पर्यटकों को निहाल करते रहे हैं। लेकिन अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। यहां अव्यवस्थाएं बढ़ती जा रहीं हैं।

उमरिया।




मौज-मस्ती के नाम पर चलाए जा रहा वाटर पार्क नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है, जिला, पुलिस सहित टाईगर रिजर्व प्रबंधन भी इस ओर आंखें बंद किए बैठे हैं। भारत के राजपत्र की खुलेआम धज्जियां प्रशासन के संरक्षण में उड़ाई जा रही है, लेकिन जिम्मेदार ईमानदारी का ढोल पीट रहे हैं, बांधवगढ़ टाइर्गर रिजर्व में कैलाश वॉटर पार्क के संचालक कैलाश कुमार छतवानी ने वाटर पार्क में पूरी तरह सुरक्षा के नियमों माखौल उड़ा रखा है, बावजूद इसके प्रशासन के जिम्मेदार वॉटर पार्क के संचालक के सामने नतमस्क हो चुके हैं, मानपुर जनपद की ग्राम पंचायत परासी में खसरा नंबर 016 रकवा 0.081 एवं खसरा नंबर 172 रकवा 0.814 हेक्टेयर कुल 0.895 हेक्टर में वॉटर पार्क का निर्माण किया गया है, जो राजपत्र को खुली चुनौती दे रहा है।

#### भू-जल का दोहन

कैलाश जी वॉटर पार्क का निर्माण मानपुर जनपद की ग्राम पंचायत परासी में खसरा नंबर 016 रकवा 0.081 एवं खसरा नंबर 172 रकवा 0.814 हेक्टेयर कुल 0.895 हेक्टर में हुआ है, उक्त भूमि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत आती है, वर्ष 2020 के भारत राजपत्र असाधारण के पृष्ठ क्रमांक 09 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि अतिदोहित आकलन यूनिटों में वॉटर पार्क, थीम पार्क और मनोरंजन पार्कों के लिए भूजल की निकासी हेतु एनओसी नहीं दिया जाएगा, लेकिन पार्क प्रबंधन सहित प्रशासन कैलाश जी वॉटर पार्क के संचालक के सामने सजदा कर रहा है।

#### नियमों का उड़ाया माखौल

वॉटर पार्क के प्रबंधक द्वारा खुलेआम नियमों का माखौल उड़ाया जा रहा है, वर्ष 2019 में उप वन मण्डलाधिकारी के समक्ष मौका पंचनामा तैयार किया गया, उसमें उल्लेख किया गया कि कैलाश कुमार छतवानी निवासी कटनी के आवेदन पर मौके पर भूमि का पैमाइस करने आये और भूमि का जीपीएस लिया गया, जिसमें भूमि से कोर एरिया बीट महामन परिक्षेत्र खितौली की दूरी 0 मीटर जो कि पश्चिम दिशा में, पूर्व में बीट परासी परिक्षेत्र धमोखर 700 मीटर, उत्तर में कोर एरिया बीट महामन परिक्षेत्र खितौली 1600 मीटर, दक्षिण में 300 मीटर बीट महामन परिक्षेत्र खितौली, उक्त भूमि पर वन्य प्राणियों का विचरण कम ही रहता है।

#### वन परिक्षेत्र अधिकारी ने किया खेल


बांधवगढ़ टाइर्गर रिजर्व में कमाई के लालच में वॉटर पार्क के संचालक द्वारा वाटर पार्क बनाने का विचार किया, चर्चा है कि इससे पहले टाइगर रिजर्व के उप वन मण्डल अधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी ने भी खेला कर दिया, मजे की बात तो यह है वैसे तो अगर किसी व्यक्ति को शासकीय कार्य में कोई दस्तावेज में साहब के हस्ताक्षर चाहिए तो, साहब मिलते ही नहीं है, अगर मिल जाये तो, कागजों को पढन्ने में में महीनों बीत जाते हैं, लेकिन कैलाश जी वॉटर पार्क के संबंध में दूसरा ही खेल चला, 29 नवम्बर 2019 को उप वन मण्डलाधिकारी धमोखर द्वारा पंचनामा तैयार किया गया, इसी दिन उप वन मण्डलाधिकारी ने अनापत्ति प्रमाण पत्र हस्ताक्षर कर दिये, हालाकि पत्र 30 नवम्बर को जारी किया गया।

#### कराया गया कामर्शियल निर्माण

उप वन मण्डलाधिकारी धमोखर द्वारा स्थल निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया, इसके अलावा कागजी कोरमपूर्ति के लिए अन्य दस्तावेज भी टटोले, लेकिन वन परिक्षेत्र अधिकारी धमोखर (बफर जोन) के द्वारा भी 29 नवम्बर को ही अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया, दोनों पत्रों में लगभग एक जैसी स्थल निरीक्षण की जानकारी उल्लेख किया गया, लेकिन कोर एरिया बीट महामन परिक्षेत्र खितौली की दूरी 0 मीटर जो कि पश्चिम दिशा में है, यह लिखना संभवतः भूल गये। जबकि राजपत्र 16 दिसम्बर 2016 में स्पष्ट उल्लेख है कि कोर सीमा के क्षेत्र से 1 किलोमीटर के दायरे में नियमानुसार किसी प्रकार का कामर्शियल निर्माण कार्य नहीं हो सकता।

# चीतल के शिकार मामले में सचिव गिरफ्तार

## अवैध हथियार हुए बरामद, दो आरोपी फरार





उमरिया।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर क्षेत्र में अवैध हथियारों से चीतल का शिकार करने वाले पंचायत सचिव को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपित अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इतना ही नहीं इस मामले को वन विभाग ने एसटीएफ को सौंप दिया है। इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक जंगल में शिकार होली के एक दिन पहले किया गया था। होली के एक दिन पहले पनपथा बफर में चीतल के शिकार मामले में सचिव राघवेंद्र पिता नागेश्वर प्रताप सिंह निवासी उमरिया-बकेली उम्र करीब 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। यह पहला मामला होगा जब किसी शासकीय कर्मी को शिकार मामले में बांधवगढ़ टीम ने दबोचा है। बापी विश्वास बंगाली डॉक्टर उम्र 38 वर्ष और भागवत पिता रामनाथ साहू उम्र 35 वर्ष अभी भी फरार है।

#### कार्यवाही की भनक लगते 2 फरार

इस पूरे मामले को बांधवगढ़ प्रबंधन ने विधिवत लिखित आदेश देकर एसटीएफ को सौंपा है। मुखबिर की सूचना पर शिकार के मामले में बांधवगढ़ टीम की इस कार्रवाई से समूचा गांव ग्राम सचिव की गिरफ्तारी से हैरान है। एसटीएफ और पार्क टीम की इस संयुक्त कार्रवाई में आरोपित के घर से अवैध पिस्टल, बंदूक भी मिलने की खबर है। बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर शिकार मामले में दो आरोपी बापी विश्वास उम्र 38 वर्ष और भागवत पिता रामनाथ साहू उम्र 35 वर्ष को भी नामजद किया गया है। कार्रवाई की भनक लगते ही दोनो आरोपी फरार हो गए।

#### गोपनीय थी कार्यवाही

खबर है कि होली के एक दिन पहले बकेली गांव से सटे पनपथा बफर क्षेत्र में आरोपितों ने चीतल का शिकार किया था। इस मामले की जानकारी बांधवगढ़ प्रबंधन को मुखबिर द्वारा मिली थी। जिसके बाद से ही बीटीआर की टीम सक्रिय हो गई थी और अंततः चीतल शिकार मामले के मास्टर माइंड ग्राम सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार किया गया है। वन विभाग इस पूरे मामले में बड़े ही गोपनीय ढंग से काम कर रही थी, जिसके बाद एक आरोपित गिरफ्तार हुआ है। आरोपी सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह उमरिया, बकेली और कोडरी पंचायत का सचिव रहा है। आचार संहिता के बीच मिले अवैध रूप से रखे आर्म्स अपने आप मे बड़ा मामला है। इस पूरे मामले में यह भी जांच का विषय है कि आरोपित ग्राम सचिव के कब्जे में इतने आर्म्स कहा से आए और कब आए।

#### कहां से आए हथियार

शिकार मामले के एक आरोपी गिरफ्तार हो गया है, दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जायेगी।

**पी.के.वर्मा**
**उपसंचालक, बीटीआर**

# मतदाता अपना फर्ज निभाएं 19 को मतदान करनें जरूर जाएं : कमिश्नर

### कलेक्टर ने नवनियुक्त पटवारियों की ली बैठक

शहडोल।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने 04 अपै्रल कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में नव नियुक्त पटवारियों की बैठक ली। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने पटवारियों से कहा कि लोकसभा निर्वाचन का कार्य निष्पक्ष एवं जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य संवेदनशीलल होते है इन कार्यों में सावधानी बरते जिससे कार्यो को सरलता के साथ संपादित किया जा सकें तथा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिशत एप को गंभीरता से समझे और सही समय पर सही जानकारी दर्ज करें, यदि किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो संबंधित बीएलओ एवं पीठासीन अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश



जैन ने निर्वाचन से जुड़े अन्य आवश्यक जानकारियों से भी अवगत कराया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग एवं नवनियुक्त पटवारी उपस्थित थें।

### मतदान का संदेश देने निकाली गई बाइक रैली



शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शत.प्रतिशत मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के उद्धेश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में आज जिले में शत.प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा के नेतृत्व में जनपद शिक्षा केन्द्र बुढ़ार से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकहो तक मतदाता जागरूकता अंतर्गत बाइक रैली निकाली गई बाईक रैली के दौरान सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे भी लगाए गए।



# पुलिस अधीक्षक ने ली चुनाव सेल की बैठक

शहडोल।

पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा आगामी निर्वाचन के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा हेतु चुनाव सेल की बैठक ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व निर्देशों की तामीली की समीक्षा की गई एवं बल की उपलब्धता, प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां, अवैध नशे एवं शराब पर थाना प्रभारियों द्वारा की जा रही कार्यवाहियां, वाहन अधिग्रहण आदि विषयों के संबंध में निर्देश दिये। उक्त बैठक में प्रभारी चुनाव सेल विकास पाण्डेय, उपुअ (महिला सुरक्षा), रक्षित निरीक्षक दीपेन्द्र कुशवाह एवं चुनाव सेल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तीन सटोरिया पकड़ाये

**शहडोल।** सोहागपुर थाना क्षेत्रांतर्गत 03 अपै्रल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सोहागपुर गढी में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार-जीत के दांव लगवा रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा सोहागपुर में दबिश देकर आरोपी जिया लाल पिता मुन्नी लाल जैसवाल उम्र 55 वर्ष निवासी सोहागपुर के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 150 रुपये जब्त किया गया। इसी प्रकार थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत मुखबिर सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 18 धनपुरी में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा धनपुरी में दबिश देकर आरोपी गोविंद कचेर पिता तुलसी दास उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नं.- 18 धनपुरी के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 160 रुपये जब्त किया गया। वहीं थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत किरन टाकीज के पास एवं देवांता अस्पताल के पास सट्टा पर्ची काटने की सूचना पर पुलिस द्वारा किरन टाकीज के पास आरोपी अभिषेक साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू उम्र 28 वर्ष के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 245 रुपये एवं देवांता अस्पताल के पास अरूण मंछवानी उर्फ धोनी पिता भोजराज मंछवानी के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 270 रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# घुनघुटी में हवा उगल रहे हैण्ड पम्प

## पीएचई- ग्राम पंचायत नहीं दे रहा ध्यान

घुनघुटी।

ग्रामीण क्षेत्र में अब जल संकट गहराता जा रहा है जिस वजह से छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हो गए हैं, इस चिल चिलाती धूप में एक ओर जहां 40 से ज्यादा पारा पहुंच गया है, वहां ग्रामीण दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं, घुनघुटी क्षेत्र पतनार खुर्द, खटकी टोला, बैगान टोला, पंडान टोला, गांधीग्राम में लगे हैंडपंपों भी जवाब दे दिया है, वहीं नल जल योजना और ग्रामीण क्षेत्रों में बिछी पाइपलाइन भी बंद पड़ी हुई है, ग्रामीण के सामने भारी जल संकट की समस्या पैदा हो गई है। शासन ने पीएचई विभाग के माध्यम से घुनघुटी ग्रामीण अंचलों में पेयजल आपूर्ति के लिए हैंडपंप के अलावा नल जल योजना की घर-घर पानी देने की व्यवस्था की थी, लेकिन यह योजना सालों बीतने के बाद भी योजना का लाभ धरातल पर ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है, दूसरी ओर घुनघुटी गांव में दर्जनों हैंडपंप बिगड़े पड़े हुए हैं।



परिणाम यह है कि करोड़ों रुपए खर्च कर गांव में टंकी निर्माण पाइपलाइन बिछाना घर-घर नल कनेक्शन देना आदि का निर्माण करने के बाद भी ग्रामीण एक किलोमीटर दूरी से पानी लाने के लिए मजबूर हो रहे हैं, विभागीय अफसर की लापरवाही और ग्राम पंचायत द्वारा समय पर रखरखाव न करने के कारण नल जल योजना में बिछी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, तो कई गांव जैसे घुनघुटी, पतनार खुर्द, गांधीग्राम, खटकी टोला, पंडान टोला, बैगान टोला, छोटी तुम्मी की कन्या टोला में तो लगे हैंड पंप भी हवा उगल रहे हैं,वहीं टंकी भी क्षतिग्रस्त अवस्था में पहुंच रही है जिसके चलते ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। घुनघुटी गांव यहां आबादी 5 से 6 हजार है लेकिन गांव में आधे दर्जन से अधिक हैंडपंप बिगड़े पड़े हुए हैं और पीने की पानी की कोई व्यवस्था नहीं है व्यवस्था चरमराई हुई है।

घुनघुटी, गांधीग्राम, पतनार खुर्द, खटकी टोला, ग्रामीण क्षेत्र में लगे हैंडपंप भी ग्रामीण की प्यास बुझाने में असमर्थ हैं, यहां लगातार जल स्तर कम होने के कारण हैंड पंप भी साथ छोड़ रहे हैं, लेकिन विभागीय अफसर और पंचायत की जिम्मेदार प्रतिनिधियों ने पानी के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते ग्रामीण जन परेशान होने पर मजबूर हैं, इस गांव में नल जल योजना भी स्वीकृति होने के बावजूद पानी की भारी समस्या हो रही है गांव में बंद पड़ी हैंडपंप और पानी की व्यवस्था को लेकर कोई कार्य योजना अधिकारियों ने अभी तक नहीं बनाई है ना ही गांव में बिछी नल जल योजना की जानकारी है जिससे गांव में सब कुछ भगवान भरोसे ही संचालित किया जा रहा है, ग्रामीण कई बार अधिकारियों से मौखिक और आवेदन देकर नल जल योजना चालू करवाने वह हैंडपंप बिगड़े हुए को सुधरवाने की बात कह चुकी है, लेकिन अभी तक कोई प्रयास अधिकारियों ने नहीं किया है अब देखना होगा की खबर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों पर बिगड़ी हुई हैंडपंप हुआ भारी पानी की किल्लत पर प्रशासन वा पीएचई विभाग क्या कदम उठाता है।

### 111 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** सिटी पुलिस द्वारा 03 अपै्रल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 111 चालानों में 52,200 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### यशस्वी ने बढ़ाया विद्यालय का मान



**शहडोल।** ओ.पी. एम शिक्षण केंद्र अमलाई के कक्षा 7 वीं में अध्यनरत कुं. यशस्वी मिश्रा ने वार्षिक परीक्षा में 493 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, यशस्वी मिश्रा श्रीमती विजया मिश्रा माता एवं भाजपा मीडिया प्रभारी बृजेंद्र कुमार मिश्रा की पुत्री है। इस प्रकार प्रखर बुद्धि एवं उज्जवल भविष्य की कामनाओं के लिए उनके बड़े पिता देवेंद्र कुमार मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार , विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सीमा चतुर्वेदी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं सहित पत्रकार साथियों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

### अज्ञात आरोपी पर तीन हजार रूपये का ईनाम घोषित

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना नौरोजाबाद जिला उमरिया में धारा 363 भादवि के अज्ञात आरोपी पर तीन हजार रूपये ईनाम की घोषणा की है।

### सशस्त्र पुलिस बल एवं डीएफएमडी उपलब्ध कराने पत्र प्रेषित

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र शहडोल अंतर्गत बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों की सीलिंग, कमीशनिंग की कार्यवाही 5 अप्रैल को प्रातः 9 से कार्य समाप्ति तक की जानी है। कमीशनिंग की कार्यवाही उपरांत 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक माकपोल की कार्यवाही की जायेगी। जबकि लोकसभा क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत ईवीएम मशीनों की सीलिंग, कमीशनिंग की कार्यवाही 13 अप्रैल को प्रातः 9 से कार्य समाप्ति तक की जानी है। कमिशनिंग की कार्यवाही उपरांत 16 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक माकपोल की कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर कमीशनिंग एवं माकपोल की कार्यवाही के दौरान फ्रिस्किंग हेतु मय महिला पुलिस सहित सशस्त्र पुलिस बल एवं कमीशनिंग प्रवेश द्वार पर डीएमएफडी उपलब्ध करानें का आग्रह किया है।

### आचार संहिता उल्लंघन पर शिकायत सहज

**कटनी।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आचार संहिता के उल्लंघन के अलावा कई तरह की शिकायतों के निराकरण के लिए आयोग ने एक ऐप बनाया है। इस ऐप पर कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकता है। चाहे वो अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन हो या मुफ्त उपहार वितरण हो या धमकी देने, धन वितरण संपत्ति विरूपण,पेड न्यूज, साम्प्रदायिक नफरत फैलाने जैसी कोई भी शिकायत हो। इसके लिए सी-विजिल ऐप के माध्यम से सिर्फ एक फोटो-वीडियो के माध्यम से ऐप पर अपलोड करना होगी। इस ऐप पर आने वाली शिकायतों की जानकारी आयोग के पास भी होती है। शिकायतों के निराकरण के लिए जिले में गठित एफएसटी दल तुरन्त मौके पर पहुँच कर छानबीन करता है और सम्बंधित शिकायत के सम्बंध में जानकारी अपलोड करता है।

### वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आगामी 19 अप्रैल को मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की बेबसाईट से डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। मतदान करने के संबंध में पहचान के लिये मतदाता परिचय पत्र के अलावा ई-मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य शासन जारी पहचान पत्र निर्धारित किये गये हैं।

## बगैर मुरूम खदान पंचायतों में हुई सप्लाई

# बंद फर्म को पंचायत के जिम्मेदारों ने कर दिया भुगतान

**गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज का गठन किया गया है, ताकि समस्या को गांव के लोग आपस मे मिलकर सुलझा सके और गांवों की छोटी, मोटी समस्या को पंचायत के सरपंच-सचिव, ग्रामवासी मिलकर दूर कर सकें , लेकिन पंचायत में बैठे जिम्मेदारों ने इसमें अपना जुगाड़ खोज शासन की मंशा पर पानी फेर दिया है।**

**शहडोल।** जिले की जयसिंहनगर जनपद की पंचायत में निर्माण कार्यों के लिए मटेरियल सप्लाई करने वाली फर्में जीएसटी चोरी करने के लिए बोगस बिल का उपयोग कर रही हैं। इनमें जीएसटी का कॉलम तो होता है, लेकिन उसमें भरा कुछ नहीं जा रहा, पूछने पर कहा जाता है कि राउंडफिगर बिल दिया है, पंचायतें भी बिना पड़ताल किए बिल पास कर देती हैं। भारतेन्द्र प्रताप सिंह की फर्म श्री राम कंस्ट्रक्शन द्वारा वाणिज्य कर विभाग से रजिस्ट्रेशन कैंसल होने के बाद भी पंचायत में सामग्री सप्लाई की, लेकिन कथित वेण्डर द्वारा लगातार बंद हो चुके जीएसटी नंबर के बिल वाणिज्य कर विभाग को धोखे में रखकर पंचायत में सांठ-गांठ कर लगाये।


### नहीं हुआ नियमों का पालन

ग्राम पंचायतों में श्री राम कंस्ट्रक्शन के बिल लगाये गये, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा उक्त खरीदी में म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 का पालन न करते हुए नियम विरूद्ध खरीदी की गई है, ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी तत्कालीन जनपद स्तर के अधिकारियों को नहीं थी, लेकिन जिले सहित ग्राम पंचायत के सचिव ने खुले आम क्रय नियमों की धज्जियां उड़ाई है, ऑन लाईन पोर्टल में आधा दर्जन पंचायतों में क्रय नियमों से खिलवाड़ दिख रहा है, लेकिन विभागीय जिम्मेदारों को यह खिलवाड़ शायद नहीं दिख रहा है।



Search Result based on GSTIN/UIN : 23EPVPS5514B1ZO

| Legal Name of Business | Trade Name | Effective Date of registration |
|---|---|---|
| BHARTENDRA PRATAP SINGH | SHRI RAM CONSTRUCTION | 08/01/2020 |
| Constitution of Business | GSTIN / UIN Status | Taxpayer Type |
| Proprietorship | Cancelled suo-moto (Effective from 18/08/2022) | Regular |
| Administrative Office | Other Office | Principal Place of Business |
| (JURISDICTION - CENTER) Commissionerate - JABALPUR Division - REWA Range - RANGE - II WAIDAN | (JURISDICTION - STATE) State - Madhya Pradesh Zone - Jabalpur Zone Division - Satna Division Circle - Baidhan (Sidhi) | GRAM/POST LAKODA, KANHAUL, SIDHI, Sidhi, Madhya Pradesh, 486770 |



Material Procured

Work : Grevel sadak ramakant ke ghar se arhariya tola prathmik shala pahunch marg gp lakhnauti

Work Code : 1714002057/RC/22012034584173

Bill No. : 408 — Bill Date : 02/04/2023

Financial Year : 2023-2024 — Vendor name SHRI RAM CONSTRUCTION(TinNo-23EPVPS5514B1ZQ)

Material List No. : 1714002-ML-88

| Material | Unit Price (In Rupees) | Quantity | Amount (In Rupees) |
|---|---|---|---|
| MR6052-Hard moorum | 189 | 310 | 58590 |
| Total (In Rupees) | | | 58590 |

Taxes

### ऐसे खेला फर्म संचालक ने खेल

भारतेन्द्र प्रताप सिंह की फर्म श्री राम कंस्ट्रक्शन ने जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायत लखनौटी में ग्रेवल सड़क रमाकांत के घर से अरहरिया टोला प्राथमिक शाला पहुंच मार्ग के लिए 02 अप्रैल 2023 को मुरूम सहित अन्य सामग्री के लिए बिल लगाये हैं, लेकिन उक्त फर्म का रजिस्ट्रेशन वाणिज्य कर विभाग द्वारा 18 अगस्त 2022 को कैंसल कर दिया था, लेकिन फर्म का रजिस्ट्रेशन रद्द होने के बाद भी पंचायतों में बिल लगाये गये, वर्तमान में जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायतों में पंच परमेश्वर पोर्टल पर अपना गुनाह छुपाने के नियत से विभिन्न फर्मो के बिल ब्लर लगाये जा रहे हैं, जिससे लोगों को सही जानकारी न मिले, साथ ही पंचायतों में भ्रष्टाचार पनपता रहे।

### वाणिज्य कर सहित खनिज विभाग चुप्पी साधे बैठा

### बोगस बिल का सकते हैं सामने

ग्राम पंचायत लखनौटी के सचिव-सरपंच की जोड़ी शासन सहित जनपद में बैठे जिम्मेदारों को गुमराह कर भ्रष्टाचार का खेल-खेल रहे हैं, फर्म संचालक द्वारा बीते वर्षों में कितना भुगतान अपने खाते में लिया है, अगर इसकी जांच हुई तो, लाखों की टैक्स चोरी का मामला सामने आ सकता है। वहीं दूसरी ओर जिले में मुरूम की खदान कहीं स्वीकृत नहीं है, बावजूद इसके फर्म संचालक ने ऑन रिकार्ड मुरूम की सप्लाई देकर शासन से ही वसूली कर ली, हालाकि खनिज विभाग इन सब मामलों में खुद को पाक-साफ बताने के अलावा शिकायतों के इंतजार में बैठा है। शासन से हर माह मोटा वेतन लेने वाले जिम्मेदार पंचायतों में खप रहे चोरी के खनिज को स्वतः ही हरिझण्डी दिये हुए है।

### वसूली के हैं प्रावधान

जानकारों की माने तो जो बिल अधूरे होते हैं और जिनमें जीएसटी नंबर, टैक्स की राशि का उल्लेख नहीं होता है, वह फर्जी माने जाते हैं। वैध बिलों में सबकुछ दर्ज होता है। कितना माल बेचा, कितना टैक्स कटा आदि। अगर फर्में ऐसे बिल उपयोग कर रही हैं तो, जीएसटी एक्ट के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसमें जितनी राशि टैक्स की बनती वह पूरी उनसे वसूले जाने का प्रावधान है, लेकिन जिले सहित संभाग में बैठे जिम्मेदारों को शिकायत का इंतजार रहता है, लेकिन बीते वर्षो में कितनी कार्यवाही बगैर शिकायत के हुई है, यह जांच हुई तो, वाणिज्य कर विभाग की कलई खुलकर सामने आ जायेगी।

### जमकर शासकीय राशि का होली

जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायतों में कैसे पंचायत राशि को हड़प किया जाये, इसके लिए सचिव, सरपंच सहित रोजगार सहायक ने भारतेन्द्र प्रताप सिंह जैसे फर्म संचालकों से मिली भगत कर जमकर शासकीय राशि की होली खेली है, सूत्रों की माने तो इसके लिए कथित फर्म संचालक द्वारा बंद जीएसटी बिलों में उल्लेखित कर पंचायतों से सामग्री के नाम पर राशि आहरित की गई, पंचायत कर्मियों ने निर्माण अपने अनुसार कराया और उसका भुगतान भी अपने अनुसार कर लिया। वहीं तत्कालीन जनपद सहित जिले में बैठे जिम्मेदारों ने आंख बंद कर भ्रष्टाचार को खुली छूट दी और अपनी रोटी भी सेंक ली।

### इनका कहना है...

जीएसटी नंबर बंद होने के बावजूद अगर भुगतान फर्म संचालक ने भुगतान लिया है तो, यह गलत है, अगर मुरूम खदान नहीं है तो, इसमें भी हमारी जिम्मेदारी नहीं है। संबंधित विभागों को चाहिए कि फर्मो की जांच करें। फर्म संचालक ने सप्लाई दी, बिलों के भुगतान संबंधी जिम्मेदारी हमारी है।

**मनोज मिश्रा**
**एपीओ**

## पहले प्रेमजाल में फंसाया फिर करने लगा ब्लैकमेल

# स्टेशन मास्टर के खिलाफ आत्महत्या दुष्प्रेरण का मामला दर्ज





**शहडोल।** पिछले दिनों हुई महिला लोको पायलट की मौत के मामले में शहडोल पुलिस ने मर्ग जांच व विवेचना उपरांत रतलाम रेलवे स्टेशन मास्टर पर आत्म हत्या दुष्प्रेरण का मामला दर्ज कर लिया हैं। शीघ्र ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। ज्ञातव्य है कि झांसी की 33 वर्षीय युवती आरती पिछले 8 सालों से शहड़ोल के रेलवे में लोको पायलेट के पद पर कार्यरत थी। जो कि वर्तमान में कोतवाली क्षेत्र के किरण टाकीज के पास किराए के मकान में रहती थी। उसने स्टेशन मास्टर की प्रताड़ना से त्रस्त होकर अपने निवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### धोखा देने के बाद ब्लैकमेल पर उतारू

आशाराम मीणा वर्तमान समय में रतलाम डिवीजन मे स्टेशन मॉटर के रूप में पदस्थ हैं। शहडोल कटनी रेल खंड के बीच आते जाते स्टेशन मास्टर आशाराम मीणा व महिला लोको पायलेट आरती की मुलाक़ात हुईं थी और फिर यह मुलाक़ात प्रेम मे बदल गयी। लेकिन प्रेमी स्टेशन मास्टर पूर्व से ही विवाहित था। उसने यह बात आरती से छुपाई थी, लेकिन ज़ब आरती को उसके शादीशुदा होने की जानकारी लगी तो उसे गहरा धक्का लगा और दोनों में दरार आ गई। आरती ने आशाराम मीणा से बात करना बंद कर दिया था। जिसके बाद वह उसे ब्लैकमेल कर मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगा था। इसी कारण शहडोल किराए के मकाना में आरती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले की रेल प्रशासन में कई दिनों तक चर्चा सरगर्म रही।

### गिरफ्तारी से मिलेगा न्याय

कई रेल कर्मचारियों का मानना है कि इस मामले में आशाराम मीणा ने सरासर गलत किया था। एक तो शादीशुदा होते हुए भी उसने प्रेम प्रसंग रचाया फिर अपनी कुत्सित मानसिकता का परिचय देते हुए महिला लोको पायलट को ब्लैकमेल करने लगा था। शहडोल कोतवाली पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान सारे मामले की विवेचना कर स्टेशन मास्टर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी शीघ्र होगी, उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। इससे मृतिका और उसके परिजनों को न्याय मिल सकेगा।

# ग्राम पंचायत शाहपुर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**कमिश्नर, एडीजीपी, डीआईजी, ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के लगाए नारे**

**शहडोल ।** भारत निर्वाचन आयोग के मंशा के अनुरूप आज उमरिया जिले के पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत शाहपुर में आज लोकतंत्र को सशक्त और मतबूत बनाने के उद्देश्य से कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद, एडीजीपी डीसी सागर, डीआईजी सुश्री सविता सोहाने की अगुआई में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में ग्रामीण जनों के साथ-साथ महिला मतदाता भी शामिल हुई। जिन्होंने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, हम सब ने ठाना है शत प्रतिशत मतदान कराना है, लोकतंत्र का हूं मैं नायक मेरा वोट बड़ा निर्णायक जैसे प्रेरक नारे लगाए तथा मतदाताओं को 19 अप्रैल को मतदान केद्र पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता रैली में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया, एसडीएम पाली, एसडीओपी पाली एवं अन्य अधिकारियों ने शामिल होकर मतदाताओ को 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।



# तालाब से मछली चोरी की शिकायत पहुंची थाने

**कोतमा।** नगर के समीप गोहंड्रा गांव के तालाब में मछली चोरी किए जाने को लेकर धनराज पाव एवं अन्य लोगो द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ थाना कोतमा में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि संगम मत्स्य सहकारी समिति के माध्यम से गोहन्ड्रा तालाब में मछली पालन का कार्य करते हैं जहां पर आए दिन भैया लाल, गोलू, गुड्डू सहित अन्य लोगों द्वारा जाल बिछा कर मछली चोरी की जाती है। मना करने पर विवाद करते हुए गाली गलौज दिया जाता है। साथ ही मारपीट भी की जाती है। शिकायत करने वालो में धनराज पाव, श्यामलाल, महादेव, लालजी सहित अन्य समिति के सदस्य शामिल रहे।

# ग्राम पंचायत शाहपुर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

### शहडोल संभाग का लक्ष्य शत प्रतिशत मतदानः कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि शहडोल संभाग का लक्ष्य शत प्रतिशत मतदान कराना है। उन्होनें कहा कि 19 अप्रैल को शहडोल संभाग के सभी मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचकर शत प्रतिशत मतदान करें। कमिश्नर ने कहा कि हमारा लक्ष्य शान्तिपूर्ण और सुचारू मतदान कराना है। मतदाता स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान करें इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। कमिश्नर ने कहा कि मतदान शत प्रतिशत से कम नहीं यही हमारा लक्ष्य है। हम सबको मिलकर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करना है। कमिश्नर बीएस जामोद



उमरिया जिले के ग्राम पंचायत शाहपुर में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाताओं को संबोधित कर रहे थे। कमिश्नर ने कहा कि 19 अप्रैल को सभी मतदाता लोकतंत्र को मतबूत बनाने के लिए मतदान करें और अन्य मतदाताओ को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजीपी शहडोल जोन श्री डी.सी.सागर ने कहा कि हमारा लक्ष्य शत प्रतिशत मतदान है, उन्होनें कहा कि 19 अप्रैल को सभी मतदाता स्वतंत्र और निर्भीक हो कर मतदान केन्द्रों तक जाएं और अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि हम सब प्रजातंत्र के नायक हैं और हमारा वोट प्रजातंत्र को मतबूत और सशक्त बनाने के लिए निर्णायक है, हम सभी को अपने मत का महत्व समझना चाहिए। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआईजी शहडोल सुश्री सविता सुहाने ने कहा कि लोकतंत्र में

### मतदाता स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान करेंः एडीजीपी

हमें बहुत से अधिकार प्राप्त हैं और बहुत से कर्तव्य भी है। उन्होनें कहा कि लोकतंत्र को मतबूत और सशक्त बनाने के लिए मतदान करना भी हमारा कर्तव्य हैं। उन्होनें कहा कि 19 अप्रैल को मतदाता मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग निडर होकर करे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उमरिया एसडीएम पाली, एसडीओपी पाली, सहित अन्य लोगो ने भी संबोधित किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिह कनेश, सहित अन्य अधिकारी भी साथ रहे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों में खरा उतरने ननि ने प्रारंभ की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देश पर नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की प्रतियोगिता की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। निगम प्रशासन स्वयं प्रतियोगिता की तैयारी में जुट गया है। रोजाना प्रातः नगर की सफाई व्यवस्था सहित सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों अनुसार नगर की सफाई सहित डोर टू डोर किये जाने वाले कचरा संग्रहण कार्य का निरीक्षण कर सफाई कार्य को सुदृढ बनाने के दिशा निर्देश दिए जा रहे है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन एवं उसकी सहयोगी संस्था ओम साईं विज़न द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रोजाना स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों में स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। इसी क्रम में सहयोगी संस्था द्वारा विगत दिवस वार्ड क्रमांक 27 मदन मोहन चौबे वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 28 नेहरू वार्ड की विभिन्न गलियों में प्रभात फेरी एवं रैली के माध्यम से नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु अपने घरों के पास साफ सफाई बनाए रखने एवं 3 दिन के बारे में जानकारी प्रदाय की जाकर घरों से निकलने वाले गीले सूखे एवं हानिकारक कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने तथा अलग अलग ही निगम के कचरा वाहन में देने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की जानकारी दी जा रही है।




## मतदान केंद्रों में वरिष्ठ मतदाताओं का करें सम्मानः जिला निर्वाचन अधिकारी

# दिव्यांग, वरिष्ठ एवं गर्भवती मतदाताओं को प्राथमिकता के साथ कराएं वोटिंग : कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर ने लोकसभा निर्वाचन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में ली। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि दिव्यांग,वरिष्ठ एवं गर्भवती मतदाताओ को कतार में न लगना पड़े उन्हे प्राथमिकता के साथ वोटिंग कराए। साथ ही इन मतदाताओं को पास जारी करें और किसी कारणबस पास न होने पर उन्हें रोके नहीं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केंद्र आने पर फूल मालाओं से सम्मान कराया जाए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें तथा प्रत्येक मतदान केंद्रो में शौचालय, बिजली, रैंप, पानी, छायादार जगह (टेंट), व्हील चेयर,पालना घर, जैसे अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केंद्रों में मतदान दलों के रूकने की व्यवस्थाएं बेहतर रहें इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा की पालना, शौचालयों, सहायता केंद्र व आदि के संकेतक बोर्ड भी प्रदर्शित किए जाए । उन्होंने कहा कि दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने ले जाने हेतु वाहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित किया जाए तथा निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और न ही किसी प्रकार की शिकायत आए अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आदर्श मतदान केंद्र सामग्री वितरण जैसे अन्य निर्वाचन से जुड़ी अन्य जानकारी भी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग सहित समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।




# कोयलांचल में नहीं रूक रही चोरी की घटनाएं

**कोतमा।** नगर में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं और पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पा रही है। चोरी के नए मामले में वार्ड क्रमांक 4 में रहने वाले शिवनाथ पांडे के गैरेज से बुधवार की दरमियानी रात को चोरों ने सेंधमारी करते हुए दीवाल तोड़कर गाड़ी में लगी बैटरी एवं स्टेपनी की चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत 15 हजार बताई जा रही है। घटना की जानकारी सुबह शिवनाथ पांडे को हुई जब वह ऑटो लेने गए तो दीवाल फूटी देखकर उनके होश उड़ गए अंदर जाकर देखा तो गाड़ी से बैटरी एवं स्टेपनी गायब मिली। घटना की जानकारी थाना में दी गई है जिस पर पुलिस के द्वारा जांच किए जाने की बात कही जाती है। वार्ड वासियों ने बताया कि चोरों के द्वारा पिछले एक माह के दौरान आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियों की बैटरी एवं स्टेपनी को चोरी कर ले गए हैं। जिन पर आज तक एक भी बैटरी व चोर नही पकड़ में आए है। कुछ दिनो पूर्व में भाजपा नेता सुनील नारवानी की गाड़ी से भी चोरों ने बैटरी चोरी कर ले गए थे इसी प्रकार पिंटू गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 4 के गाड़ी से भी बैटरी की चोरी हो चुकी। लगातार बैट्रियों के चोरी होने से वार्ड वासियों में जमकर दहशत का आलम बना हुआ है लोग रात-रात भर जाग कर अपने गाड़ियों के सुरक्षा कर रहे हैं। नागरिकों ने पुलिस से बैटरी चोर गिरोह के पकड़ने एवं बढ़ती चोरियों पर रोक लगाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### शराब भट्टी हटाने का निर्णय आचार संहिता के बाद लिया जाएगा



**घनपूरी।** नगर पलिका के पूर्व अध्यक्ष हंसराज तनवर ने बताया कि गतदिनो वार्ड नंबर 4 के नागरिको के साथ एक बैठक हुई जिसमे वार्ड से शराब भट्टी हटाए जाने को लेकर उपस्थित जनों में विचार विमर्श किया जिसमें हंसराज तंवर,रामसिह मो०साविर भोला सोनी श्रीमती प्रियंका सोनी प्रवीण बड़ोलिया नौशेरमा खान अब्दुल हबीब अशोक गुप्ता आदि लोग थे इस संबंध में विधायक जयसिंह मरावी जी से बात हुई तो उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर साहब से बात कि और आश्वासनस मिला की आचार संहिता के बाद निर्णय लेकर इस शराब दुकान को वार्ड से स्थानांतरित कर देंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने भी अश्वान दिया की अंचार संहिता के बाद इस पर हटाने की कार्यवाही करेंगे।

### बंधवा टोला में दबिश देकर जब्त की 6 पेटी शराब

**कटनी।** थाना रंगनाथ नगर पुलिस द्वारा 6 पेटी शराब जब्त की गई है। थाना प्रभारी नवीन नामदेव एवं स्टाफ के द्वारा मुखबिर की सूचना पर डन कालोनी मोड के पीछे ग्राउंड के पास विश्वनाथ बर्मन पिता बारेलाल बर्मन उम्र 35 साल निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बधंवा टोला थाना रंगनाथनगर ने भारी मात्रा में अवैध शराब जमा कर रखी थी। छापामार कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी के पास से तीन खाखी रंग के कार्टून में 50, 50 पाव एंव एक सफेद रंग की बोरी में 150 पाव कुल 300 पाव प्लेन शराब जब्त की। उक्त आरोपी से अवैध शराब जप्त करने के बाद उसके खिलाफ आपकारी अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही की गई है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उप निरीक्षक नवीन नामदेव, सहायक उप निरीक्षक बहादुर सिंह, आर. प्रभाकर सिंह, अंकित पटेल एंव वीरेन्द्र दहायत एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहित के मद्देनजर अवैध गतिविधियों एवं मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए कार्यवाही की जा रही है।

### नामांकन पत्रों की आज होगी संवीक्षा

**रीवा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए 16 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की जाँच 5 अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में की जाएगी। रिटर्निंग आफीसर तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं सहायक रिटर्निंग आफीसरों द्वारा नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी। नामांकन पत्रों की जाँच के समय उम्मीदवार तथा उनके प्रतिनिधि उपस्थिति रह सकते हैं।

### सशस्त्र पुलिस बल एवं डीएफएमडी उपलब्ध कराने पत्र प्रेषित

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र शहडोल अंतर्गत बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों की सीलिंग, कमीशनिंग की कार्यवाही 5 अप्रैल को प्रातः 9 से कार्य समाप्ति तक की जानी है। कमीशनिंग की कार्यवाही उपरांत 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक माकपोल की कार्यवाही की जायेगी।

### आचार संहिता उल्लंघन पर शिकायत सहज

**कटनी।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आचार संहिता के उल्लंघन के अलावा कई तरह की शिकायतों के निराकरण के लिए आयोग ने एक ऐप बनाया है। इस ऐप पर कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकता है। चाहे वो अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन हो या मुफ्त उपहार वितरण हो या धमकी देने, धन वितरण संपत्ति विरूपण,पेड न्यूज, साम्प्रदायिक नफरत फैलाने जैसी कोई भी शिकायत हो। इसके लिए सी-विजिल ऐप के माध्यम से सिर्फ एक फोटो-वीडियो के माध्यम से ऐप पर अपलोड करना होगी। इस ऐप पर आने वाली शिकायतों की जानकारी आयोग के पास भी होती है।

# सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सफाई कामगारों ने नगर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**बुढार।** नगर परिषद के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली नगर में निकालीं गई जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने हाथों में दवति लेकर मतदान से संबंधित स्लोगन सारे काम छोड़ दो सबसे वोट दो के नारे लगाते हुए नगर के लोहिया चौक, कोतमा रोड, रेलवे मार्केट होते हुए वापस नगर परिषद चौक पहुंचे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केन्द्रों कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील नगर परिषद एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा के द्वारा नगर के मतदाताओं से की गई। रैली में सीएमओ शिव प्रसाद धुर्वे एवं स्वच्छता प्रभारी सुश्री रागिनी चुटहेल सहित, सफाई कामगार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान हेतु किया जा रहा जागरूक

**अमलाई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल के मार्गदर्शन में नगर परिषद बकहो द्वारा क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। भोपाल से आये कलाकारों द्वारा क्षेत्र में जगह जगह नुक्कड़ नाटक कर मतदान हेतु लोगो को जागरूक किया जा रहा है आगामी 19 अप्रैल को प्रथम चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र सहित 6 सीटों पर मतदान होना है। जिसको लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा अमलाई चौराहे पर कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया। बताया गया कि भीड़भाड़ वाले जगहों पर और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान हेतु लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# देख सुदामा की दीन दशा... करुणानिधि रोए

## सुदामा चरित्र देख भाव विभोर हुए श्रोता, हवन, पूर्णाहुति आज





**धनपुरी।** पं. बालकृष्ण पांडेय महाराज ने भगवान श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता प्रेम की मिसाल का वर्णन किया तो प्रेम प्रसंग सुनकर दर्शकों क आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे। महाराज ने बताया कि सुदामा गरीब ब्राह्मण थे अपने बच्चों का पेट भर सके इतने भी सुदामा के पास पैसे नहीं थे सुदामा की पत्नी ने कहा हम भले ही भूखे रहे लेकिन बच्चों का पेट तो भरना चाहिए ना इतना बोलते बोलते उनकी आंखों में आंसू आ गए सुदामा को बहुत दुख हुआ उन्होंने कहा क्या कर सकते हैं किसी के पास मांगने थोड़ी ही जा सकते हैं पत्नी ने सुदामा से कहा आप कई बार कृष्ण जी की बात करते हो आपकी उनके साथ बहुत मित्रता है ऐसा कहते हो तो द्वारका के राजा हैं क्यों नहीं चाहते जाइए ना वहां कुछ भी मांगना नहीं पड़ेगा सुदामा को पत्नी की बात सही लगी सुदामा ने द्वारिका जाऊंगा लेकिन उनके बच्चों के लिए क्या लेकर जाऊं सुदामा की पत्नी पड़ोस में गई और वहां से चना लेकर एक पोटली बनाकर दे दी सुदामा पोटली लेकर द्वारकाधीश के महल में पहुंचे।संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन व आयोजक श्रीमती कांता रमाशंकर शुक्ल, राजेश शुक्ला, उदयकांत शुक्ला, निज निवास विलियर्स नंबर 1 वार्ड नंबर 5 शंकर मंदिर स्थित प्रांगण में 28 मार्च से 5 अप्रैल 2024 तक किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा बिल्डर नंबर 1 शंकर मंदिर प्रांगण में कथा व्यास श्रीबाल कृष्णा पांडेय महाराज जी के द्वारा भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 5 अप्रैल 2024 शुक्रवार को हवन पूर्णहुति के उपरांत ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा का आयोजन।झोपड़ी जगह महलश्रीकृष्ण ने सुदामा का नाम सुनते ही नंगे पैर दौड़कर गले लगा लिया और सुदामा को बाहर ले गए पोटली में रखे चना को बड़े स्वाद अमृत जैसा कहकर खाने लगे तीसरे दिन जब सुदामा जी वापस जाने लगे तो कृष्ण जी सुदामा को बाहर तक छोड़ने गए घर जाते हुए सुदामा को विचार आया घर पर पत्नी पूछेगी क्या लाए हो क्या जवाब दूंगा सुदामा घर पहुंचते ही वहां अपनी झोपड़ी नजर नहीं आया सुंदर घर में उसकी पत्नी बाहर आई और कहा कि कृष्ण हमारे सारे दुख दूर कर दिए सुदामा को कृष्ण का प्रेम याद आया उनकी आंखों को मैं उसी समय आंसू आ गएभागवत कथा उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण शुक्ला परिवार जनों के द्वारा हलवा मिस्त्री खीर बूंदी प्रसाद का वितरण, छप्पन भोग विशाल प्रसाद का वितरण किया गया।आज ,पूर्णाहूति,भंडारे का आयोजन विलियस नंबर1, वार्ड नंबर 5 शंकर मंदिर पास प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन शुक्ला परिवार के द्वारा नगर वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हवन, तर्पण, ब्राह्मण भोज, भंडारा प्रसाद ग्रहण के साथ भागवत कथा का समापन।



## सेन्ट्रल एकेडमी इंटरनेशनल ब्यौहारी के छात्र आदर्श तिवारी का हुआ जवाहर नवोदय मे चयन

**ब्यौहारी ।** ब्यौहारी के प्रतिष्ठित सेन्ट्रल एकेडमी इन्टरनेशनल स्कूल ब्यौहारी के छात्र आदर्श तिवारी ने वर्ष 2023-24 मे जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा मे अव्वल स्थान हासिल किया है। विगत 7 वर्षों से लगातार सेन्ट्रल एकेडमी इंटरनेशनल ब्यौहारी ने अपने छात्र को जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए दिया है। विदित है कि सेन्ट्रल एकेडमी इंटरनेशनल विद्यालय की स्थापना ब्यौहारी में सन 2017 में जिस उद्देश्य के साथ हुई वह धीरे-धीरे सच साबित हो रहा है। यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा कि इतने कम समय में विद्यालय ने जो कीर्तिमान स्थापित किया है वह काबिले तारीफ है। आज ब्यौहारी ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण शहडोल जिले एवं आसपास के क्षेत्र में सेन्ट्रल एकेडमी इन्टरनेशनल किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इस विद्यालय ने नवोदय विद्यालय के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा मे हर वर्ष अव्वल स्थान दिलाया एवं इस वर्ष पुनः आदर्श के रूप मे जवाहर नवोदय विद्यालय को एक प्रतिभाशाली छात्र प्रदान कर अपना सहयोग प्रदान किया है। छात्र आदर्श तिवारी पिता श्री पंकज कुमार तिवारी जो कि शिक्षक है । आदर्श की इस सफलता के विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आदर्श के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है। सफल छात्र आदर्श का कहना है के सेंट्रल अकादमी इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ाई के दौरान मिले प्रतिस्पर्धा के माहौल और शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ मिला। सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल के लिए बीते सत्र में सानदार रिजल्ट देने के बाद यह गर्व करने का दूसरा मौका आया है। विद्यालय के प्रबंध संचालक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि मिश्रा ने कहा की उनकी कोशिश यही रहती है की पढ़ाई में गुणात्मक और प्रतिस्पर्धात्मक दोनो ही तत्व का वैज्ञानिक समावेश हो ताकि विद्यार्थी जानकारी और ज्ञान के साथ ही मानसिक रूप से भी परिपक्व हो।सेंट्रल अकैडमी इंटरनेशनल की इस सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षा व साहित्य से जुड़े हुए प्रबुद्धजनों के अलावा पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों ने बधाई प्रेषित की है ।



## सड़क निर्माण में हो रहा है भारी भ्रष्टाचार

**ब्यौहारी ।** नगर परिषद के अंतर्गत इन दोनों डबल लेन सड़क का निर्माण ठेका कंपनी द्वारा किया जा रहा है पहले तो कंपनी द्वारा बिना बेस डाले सड़क बना दी गई अब उसके बाद बीच-बीच में जो सड़क बाकी है उसमें बिना साफ सफाई के ही फिल किया जा रहा है हमारे संवाददाता कल रात स्वयं 11:00 बजे चौराहा के पास उपस्थित थे जहां पर कंपनी द्वारा सीमेंट मसाले से फिल किया जा रहा था मौके पर देखा गया कि बेस में पूरी गंदगी पन्नी कचरा इत्यादि पड़ा हुआ है उसकी साफ सफाई किए बिना ही वहां पर मसाला भर के सड़क बनाई जा रही थी रोकने पर कहा गया कि हम नहीं जानते हम लोगों को भेजा गया सबसे बड़ी बात यह है कि कंपनी की मनमानी होती रही लेकिन नगर के सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता चुप रहे उनकी चुप्पी सवालों के घेरे में है क्यों बिना बेस डाले सड़क बनाई गई तो कंपनी को रोका क्यों नहीं गया कंपनी का ठेका गाबर कंपनी को मिला था लेकिन उसके बाद से दो-तीन पेटी ठेकेदार बदल चुके हैं और ठेकेदार की मनमानी जारी नगर वासियों ने सड़क के गुणवत्ता की जांच कराए जाने की मांग की है ।

## जॉइनिंग करने के बाद ड्यूटी करना भूल गये डॉक्टर हेला




**ब्यौहारी ।** ब्यौहारी-से विकासखंड के अंतर्गत डॉक्टर हेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आखेतपुर में भरेशाही विकासखंड के अंतर्गत आखेटपुर प्राइमरी हेल्थ सेंटर में नए डॉक्टर की पद स्थापना हुई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अखेतपुर प्राइमरी हेल्थ सेंटर में डॉक्टर हेला की ड्यूटी लगी है लेकिन जॉइनिंग करने के दो माह बाद भी वह अस्पताल में दिखाई नहीं दिए हमारे संवाददाता स्वयं आखेतपुर प्राइमरी हेल्थ सेंटर पहुंचे जहां पर अस्पताल के वार्डबॉय बंटी मिश्रा तो उपस्थित थे लेकिन डॉक्टर हेला नहीं थे पीएचसी की नर्स भी मैटरनिटी लीव पर है इस तरह से ब्यौहारी- विकासखंड के अंतर्गत कई जगह डॉक्टर पदस्थ है लेकिन आते नहीं है कौन से नये किन जगह में।पदस्थ हुये हैं इसकी जानकारी लोगों और जनप्रतिनिधियों को नहीं है ज्वाइन करने के बाद उनको नियमानुसार प्रतिदिन हॉस्पिटल ओपीडी टाइम में बैठना चाहिए लेकिन नहीं बैठ रहे हैं ।ऐसे होता है खेल -कोई भी डॉक्टर जब एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर लेता है मध्य प्रदेश सरकार के नियमानुसार उसको 2 साल तक ग्रामीण क्षेत्र में अपनी सेवाएं देनी पड़ती है ग्रामीण क्षेत्र में सेवा करने के बदले उनको पीजी में बोनस अंक दिया जाता है इतना ही नहीं यदि वह ग्रामीण क्षेत्र में नहीं सेवा करते तो उनका एक करोड़ का बांड सरकार जप्त कर लेती है इसलिए जब कोई नया डॉक्टर आता है तो वह जॉइनिंग करने के बाद एमडी एमएस की तैयारी करने बाहर चला जाता है और ब्लॉक के अधिकारी उसकी उपस्थिति बनाकर पेमेंट निकालते रहते हैं उसमें से खंड चिकित्सा अधिकारी को कितना हिस्सा मिलता है यह तो वही बता सकते हैं लेकिन यह ग्रामीण क्षेत्र की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है और उनको ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पाती। ऐसा ही मामला ग्राम आखेटपुर का है जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी की पूरी तरह से मिली भगत है और वह प्राइमरी हेल्थ सेंटरों का निरिछण नहीं करते जिससे यह नहीं पता चल पाता की कौन सा डॉक्टर आता है कौन सा नहीं हेला की अनुपस्थिति को लेकर के खंड चिकित्सा अधिकारी अमित प्रकाश अहिरवार से बात करना चाह लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया ग्राम वासियों ने कलेक्टर से लापरवाह डॉक्टर हिला के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## सट्टा किंग के घर से पुलिस को 1 करोड़ 35 लाख रूपये मिले

# फर्जी लूट की शिकायत ने करोड़ों के आईपीएल सट्टा से उठा दिया पर्दा, किंग गिरफ्तार



**रीवा**

जिले में आईपीएल सट्टा का कारोबार लंबे अर्से से हो रहा है। ऐसा नहीं कि इस बात की जानकारी पुलिस को नहीं थी, लेकिन नीचे तबके के पुलिस मैनेजमेंट के संरक्षण में सट्टे का कारोबार बराबर चलता रहा और ऊपर बैठे अधिकारियों को भनक तक नहीं लगती रही। इस बात का खुलासा तब हुआ जब आईपीएल सट्टे में लाखों रूपये दांव लगाकर हारने वाला खिलाड़ी समान थाना में जाकर फर्जी लूट की कहानी सुनाई। थाना प्रभारी समान हितेंद्रनाथ शर्मा से लेकर सीएसपी, एसपी तक के कान उस वक्त खड़े हो गये जब युवक ने बताया कि उसके साथ 95 लाख रूपये की लूट हो गई। पुलिस ने जब सच्चाई का पता लगाना शुरू किया तो लूट की कहानी से पर्दा उठते हुए बात आईपीएल के सट्टे पर जा अटकी। एसपी विवेक सिंह के निर्देश पर शहर एसपी नवीन तिवारी, टीआई समान हितेंद्रनाथ शर्मा और सिविल लाइन पुलिस टीम सहित साइबर टीम ने आईपीएल के सट्टा किंग अमित आहूजा उर्फ छमन निवासी पद्मधर कालोनी को गिर तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सटोरिया अमित आहूजा उर्फ छमन के घर से 1 करोड़ 29 लाख रूपये मिले है, लेकिन वहीं दूसरी ओर इस बात को भी लेकर सुगबुगाहट चल ही है कि सट्टा किंग के घर से पुलिस को 1 करोड़ 35 लाख रूपये मिले हैं।

### कुछ ऐसी पहुंची सट्टा किंग तक पुलिस

सूत्रों की माने तो समान पुलिस ने जब लूट की फर्जी शिकायत करने वाले युवक से सघन पूछतांछ की तो उसने बताया कि किसी व्यापारी से 95 लाख रूपये उधार लेकर आईपीएल के सट्टे में दांव पर लगा दिया था। व्यापारी से बचने के लिए लूट की कहानी बनाई और थाना पहुंचा। पुलिस को पूछतांछ में बताया कि दांव उसने सट्टा किंग छ मन के अड्डे पर लगाया। इतना सुनते ही गुरूवार की दोपहर पुलिस की एक टुकड़ी छ मन के घर में दबिस देकर साथ उठा ले गई और अपने अंदाज पर पूछतांछ की।

### घर के अंदर घुसते ही पुलिस की चौंधिंया गई आंख

छमन के पकड़े जाने की खबर पुलिस ने गोपनीय रखी और जब सट्टे का सारा खेल समझ गई तो शहर एसपी नवीन तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम सट्टा किंग छ मन उर्फ अमित आहूजा के पदमधर कालोनी स्थित मकान में दबिस दी। घर के अंदर कदम रखते ही पुलिस की आंख चौधिंया गई। लगभग तीन बैगों में 5 सौ, 2 सौ एंव 100 के नोटों की गड्डियां भरी हुई थी जो आईपीएल के सट्टे में लगाई गई थी। इतना ही नहीं आईपीएल सट्टे से संबंधित कई इलेक्ट्रानिक सिस्टम एंव लगभग दो दर्जन मोबाइल पुलिस के हाथ लगे। बाक्स समाज के ठेकेदारों और सफेदपोश नेताओं का है संरक्षण बताते चले कि सट्टा किंग अमित आहूजा उर्फ छ मन सब्जी मंडी में दिखावटी एक किराने की दुकान चलाता है। उसका असली कारोबार आईपीएल का सट्टा खिलाना है। जिसे उसी के समाज के ठेकेदारों एंव सफेदपोश नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है जो उसके लिए कवच का काम करते हैं। ऐसे में पुलिस भी उस पर हाथ लगाने से डरती थी।

### मीडिया मैनेज के चक्कर में पहुंच गया था थाना

बताते चले कि सट्टा किंग छमन के सिर पर एक माह पूर्व ही शनि मंडराने लगा था। एक समाचार पत्र के रिपोर्टर ने उसकी सारी कुंडली खंगाल ली थी, इस बात की जानकारी जब सट्टा किंग को लगी तो वह मीडिया मैनेज करने शिल्पी प्लाजा स्थित कार्यालय जा पहुंचा। बताया जाता है कि पैसों और पावर के घंमड ने उसी जुबां लड़खड़ा दी और मीडिया कर्मियों द्वारा उसे सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस बात की जानकारी जैसे ही समाज के ठेकेदारों को लगी तो सिविल लाइन पुलिस पर दवाब बनाते हुए थाना से छुड़ा ले गये थे। यदि उसी समय उसके मोबाइलों को खंगाला जाता तो आज से एक माह पूर्व ही रीवा में चल रहे आईपीएल सट्टे का खुलासा हो जाता।

## खबर संक्षेप

### इस्तियाक अहमद बने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष



**कोतमा।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगड़ी के आदेश से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी निजामुददीन कुरैशी प्रभारी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की सहमति से इस्तियाक अहमद को अनूपपुर का मप्र कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में जिला अध्यक्ष पद पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम एडवोकेट ने नियुक्त करते हुये आशा व्यक्त की है कि इस्तियाक अहमद पार्टी की रीति-नीति पर चलते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे।

### खनिजों का अवैध उत्खनन करने पर 9 ट्रैक्टर एवं 1 जेसीबी जप्त

**अनूपपुर।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा बुधवार को तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम मेढ़ाखार एवं सरईपतेरा में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान खनिज पत्थर के अवैध उत्खनन में 6 वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली तथा तहसील कोतमा के ग्राम खोड़री नम्बर-2 से खनिज मुरुम के अवैध उत्खनन में 03 ट्रैक्टर एवं 01 जे.सी.बी. मशीन को जब्त कर कार्यवाही की गई। प्रकरण में नियमानुसार अवैध उत्खनन का प्रकरण पंजीबद्ध कर निराकरण हेतु न्यायालय कलेक्टर अनूपपुर में प्रेषित किया गया है।

### रेत खदान बंद होने के बाद भी रेत का परिवहन व विक्रय लगातार जारी

**कोतमा।** जिले की रेत खदान बंद होने के बाद भी रेत का परिवहन व विक्रय लगातार जारी है। रोजाना भारी संख्या में रेत से भरी ट्रालियां जिला मुख्यालय सहित तहसील मुख्यालय कोतमा, बिजुरी में विक्रय के लिए आती है। रेत से भरी इन ट्राली वालो के पास ना तो रायल्टी होती है और ना ही किसी तरह की प्रशासनिक अनुमति इसके बावजूद अवैध रेत का काला कारोबार खुले आम किया जा रहा है। अवैध रुप से लाई जा रही रेत का धड़ल्ले से कारोबार होने से प्रशासनिक अधिकारियो की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहे है कही ना कही प्रशासनिक अधिकारियो की मूक सहमति की बात सामने आ रही है। रेत का अवैध परिवहन अनूपपुर जिला के विभिन्न अंचलों में लगातार जारी है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं करते हैं। जिले में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध रुप से परिवहन किया जा रहा है। रेत का बड़े पैमाने पर परिवहन होने के बाद भी माइनिंग विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकरी मूक दर्शक बने हुए है। अधिकारियों की लापरवाही से अवैध रेत का काला कारोबार धड़ल्ले से बगैर रोक टोक के जारी है। अवैध रुप से ट्रालियों में ओवरलोड रेत भर कर लाई जा रही है। रेत माफिया ट्राली में रेत भरकर अवैध परिवहन कर रहे हैं। रेत माफिया अवैध रुप से रेत भरकर खुले आम धडल्ले से विक्रय कर रहे है। अवैध रुप से रेत का परिवहन होने से ना केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है बल्कि रेत माफियाओं के होंसलें भी बुंलद हो रहे है।

## मतदान के लिए एक पखवाड़ा बाकी, किसी की नहीं दिख रही लहर

# कांग्रेस-भाजपा दोनों तरफ बराबर लगी है आग

**प्रचार-प्रसार में आई तेजी, भाजपा कांग्रेस समेत अन्य दलो ने लगाया एड़ी चोटी का जोर**

लोकसभा चुनाव के लिये मतदान की तारीख नजदीक आ गई है। चुनावी युद्ध के नजदीक आने से प्रत्याशियों की सेना के बीच विभीषण का अहम रोल भी शुरू हो गया है। आज से पंद्रह दिन बाद लोकतंत्र के महापर्व मतदान की तिथि आयेगी जिसमे सभी मतदाता मतदान रूपी आहुति लोकतंत्र के महाकुंभ मे देंगे। राजनैतिक चश्मे से यदि इस बार के लोकसभा चुनाव को देखें तो पिछले या अन्य लोकसभा चुनावो की अपेक्षा इस बार का लोकसभा चुनाव काफी रोचक व दिलचस्प होगा। इस बार न तो मोदी लहर की खबर मिल रही है और न ही राहुल फैक्टर चल रहा है। दूसरी ओर पार्टी का पाला बदलने का दौर भी चरम पर है।

**अनूपपुर।** लोकसभा चुनाव के लिये शहडोल संसदीय सीट पर मुकाबला रोचक होता जा रहा है। ठीक पंद्रह दिन बाद मतदाता घरो से निकलकर मतदान केन्द्र पहुंचकर लोकसभा के महासमर मे अपना मतदान करेंगे जिसके बाद 4 जून को तय होगा कि शहडोल संसदीय क्षेत्र का सांसद कौन होगा, लेकिन इससे पहले भाजपा कांग्रेस समेत अन्य राष्ट्रीय व प्रादेशिक पार्टियों के प्रत्याशी व उनके कार्यकर्ता अपने पक्ष मे मतदाताओं को करने एड़ी चोटी का जोर लगाने मे कोई कोर कसर बाकी नही रख रहे हैं और न ही रखना चाहते हैं क्योंकि यही वह समय है जब मतदाताओं को साम, दाम, दण्ड या भेद किसी भी प्रकार से अपनी ओर आकर्षित करने का उपयुक्त समय है, बाद मे तो अवसर चूके मालिन गावे की कहावत ही चरितार्थ होगी, इसलिए कोई भी प्रत्याशी व उसका कार्यकर्ता इस अमूल्य समय को खराब नही करना चाहता।

**सबसे ज्यादा 8 प्रत्याशी अनूपपुर से तो एक-एक प्रत्याशी शहडोल और उमरिया से**

### पिछले चुनाव में दलबदलू प्रत्याशी के बावजूद भाजपा ने जीता था चुनाव

कांग्रेस के पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. दलबीर सिंह तथा पूर्व सांसद स्व. श्रीमती राजेश नंदिनी सिंह की पुत्री हिमाद्री सिंह ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी तथा अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष नरेन्द्र मरावी के साथ शादी के बंधन मे बंधने के बाद भाजपा का दामन थामकर 2019 के लोकसभा चुनाव मे भाजपा की ओर से अधिकृत प्रत्याशी रही वही जो इस बार भी भाजपा की ओर से लोकसभा प्रत्याशी हैं जो लोगो के बीच आर्शीवाद लेने पहुंच रही हैं। उधर बांधवगढ़ विधानसभा से पूर्व मे भाजपा की ओर से विधायक रह चुकी श्रीमती प्रमिला सिंह ने भी विधानसभा चुनाव मे टिकट न मिलने से रूष्ट होकर कांग्रेस का हाथ थाम लिया था, जिन्होने भी अन्य स्थानीय व पुराने कांग्रेस के भावी उम्मीदवारो के सपनो पर पानी फेरते हुये लोकसभा चुनाव मे टिकट हासिल करने मे सफलता पा ली और वे कांग्रेस की ओर लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर आमजन के बीच पहुंची थी परंतु दोनों दलबदलू प्रत्याशी के बीच हिमाद्री सिंह ने जीत का ताज पहना वही भाजपा से कांग्रेस के पाले मे गई प्रमिला सिंह को हार का सामना करना पड़ा था।

### दोनों दलों में तेज हुआ प्रचार

आम मतदाता जो अब तक खामोश था अभी खुलकर सामने नही आ रही है, लेकिन धीरे-धीरे चुनावी सरगर्मियां तेज हो रही है तो मतदाता भी धीरे-धीरे सियासी चर्चाओ में मुखर हो रही है। एक तरफ जहां कांग्रेस से पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह हैं तो वही दूसरी तरफ भाजपा की ओर से श्रीमती हिमाद्री सिंह जनता की अदालत में है। कांग्रेस को उसके प्रत्याशी की छवि से लाभ मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार में उम्मीदवार की छवि तथा राहुल गांधी को केन्द्रित कर रही है तो वही भाजपा नरेन्द्र मोदी के नाम का सहारा लेकर चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। दोनो ही दलो के साथ कमजोरी यह है कि कुछ लोग उम्मीदवार से नाराजगी पाले हुये है और उनकी सक्रियता भी मैदान में नजर नही आ रही है।




ये वे लोग है जो टिकिट की दौड में शामिल थे। सूत्रो की माने तो दोनो पार्टी के अन्दर जमकर उठा-पटक चल रही है। कुल मिलाकर शहडोल संसदीय क्षेत्र में स्थानीय मुद्दे गायब हैं, पूरा दारोमदार राष्ट्रीय नेतृत्व राष्ट्रीय मुद्दे पर होने की संभावना मानी जा रही है।

### सबसे ज्यादा प्रत्याशी अनूपपुर जिले से

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित शहडोल संसदीय क्षेत्र में दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें आठ एक ही जिले अनूपपुर से हैं। भाजपा कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ने के लिए बसपा और गोंगपा ने प्रत्याशी उतारे हैं। इनके अलावा पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया, विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, कम्युनिष्ट पार्टी आफ इंडिया के प्रत्याशी भी मैदान में हैं। दो निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। परंतु मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। वहीं माना जा रहा हैं बसपा-गोंगपा सबसे अधिक कांग्रेस को नुकसान हो सकता है। भाजपा का चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है, जबकि कांग्रेस नेता स्टार प्रचारक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भाजपा किसी भी हाल में शहडोल सीट हाथ से नहीं जाने देना चाहेगी, वहीं कांग्रेस वापसी करने की कोशिश में है। एक ही क्षेत्र से आठ प्रत्याशी होने से चुनाव रोचक हो गया है। खासकर भाजपा-कांग्रेस को अपने वोट बैंक को सुरक्षित करने की चुनौती होगी। आठ उम्मीदवार पार्टी सिंबल से हैं, जिसमें बसपा व गोंगपा भी है जो दोनों दलों के वोट बैंक पर सेंध लगाती रही है। हालांकि मोदी मैजिक के सामने भाजपा पर इनका प्रभाव कम हुआ है, लेकिन कांग्रेस पर अभी भी खतरा है। शहडोल लोकसभा सीट में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। बसपा ने अनूपपुर जिले के मेडियारास निवासी धनीराम कोल को टिकट दिया है तो गोंगपा ने अनूपपुर जिले के बेनीबारी निवासी अनिल सिंह धुर्वे को उम्मीदवार बनाया है। सबसे ज्यादा उम्मीदवार अनूपपुर जिले के हैं, जबकि एक- एक प्रत्याशी शहडोल और उमरिया जिले के हैं। शहडोल लोकसभा का चुनाव पहले चरण में होगा। इस कारण उम्मीदवारों के पास चुनाव प्रचार के लिए समय कम ही बचा है।

# बीमार वृद्ध शिक्षक की उपचार के दौरान मौत

**अनूपपुर।** तीन दिन पूर्व कोतवाली थाना अनूपपुर के पास लावारिश एवं अचेत अवस्था में पड़े 63 वर्षीय वृद्ध अचेत,बीमार रहे हैं को नागरिकों द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया जा रहा बुधवार की साम उपचार वृद्ध की दौरान मौत हो गई। पहचान ना होने पर पहचान के प्रयास हेतु मृतक के शव को जिला चिकित्सालय अनूपपुर के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखाया जा कर अस्पताल पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा फोन एवं व्हाट्साप के माध्यम से खोजबीन किए अस्पताल पुलिस एवं सामाजिक कार्यकतार्ओं के माध्यम से पहचान के प्रयास पर गुरुवार की सुबह अज्ञात मृतक वृद्ध की पहचान राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत ग्राम बम्हनी निवासी टीकम सिंह के रूप में होने पर परिजनों को सूचना देते हुए उनकी उपस्थिति में वृद्ध के शव को पुलिस ने सौपा जिसके बाद परिजनो द्वारा हिंदू रीति रिवाज अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल की शाम वन क्षेत्र अनूपपुर के किररचौकी में सदस्य परिक्षेत्र सहायक रिचर्ड रेगी राव ने कोतवाली थाना के पास लाइब्रेरी भवन के नीचे एक वृद्ध व्यक्ति को बेहोश स्थिति में अकेले पड़ा देखने पर 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेजा जहां वृद्ध का उपचार चल रहा था तभी बुधवार की शाम वृद्ध की मौत हो गई किंतु उनकी पहचान ना होने के कारण पहचान करने के प्रयास की अपेक्षा पर मृतक के शव को जिला चिकित्सालय के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखते हुए अस्पताल पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक हरपाल सिंह परस्ते, अनूपपुर जिला मुख्यालय के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल ने जिले के विभिन्न अंचलों में फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से अज्ञात वृद्ध की पहचान का प्रयास किया जिस जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ में पदस्थ आप ओ दीपक उर्मलिया की मदद से पर गुरुवार की सुबह अज्ञात वृद्ध की पहचान राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत बम्हनी गांव की निवासी टीकम सिंह पिता स्व. वीरभान सिंह के रूप में हुई जो शिक्षक के पद पर राजेंद्रग्राम में ही पदस्थ रहे हैं जिसकी जानकारी परिजनों को देने बाद परिजनों के जिला चिकित्सालय अनूपपुर आने पर पुलिस ने मृतक वृद्ध के शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा। इस दौरान परिजनों ने बताया कि स्व. टीकम सिंह विगत कई वर्षों से मानसिक रूप से परेशान रहे हैं जो अक्सर घर से बिना बताए घूमने-फिरने के लिए निकल जाते रहे हैं जिन्हे अनेकों बार खोजबीन करते हुए घर वापस लाया गया।



**पुलिस, सामाजिक कार्यकर्ताओं की पहल पर हुई पहचान**

# महर्षि स्कूल के 12 बच्चों का नवोदय व सैनिक स्कूल में हुआ चयन

**अनूपपुर।** जिले में कई वर्षों से संचालित महर्षि एंग्लो जर्मन हायर सेकेण्डरी स्कूल बहुत ही कम समय मे पूरे संभाग में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं द्वारा हर वर्ष जिले, विद्यालय सहित अपने माता पिता का नाम रोशन करते रहे हैं। हमेशा की तरह इस वर्ष भी महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल ने जिला, संभाग ही नहीं बल्कि राज्य में अव्वल स्थान बनाया है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में इस विद्यालय के 10 बच्चो का चयन हुआ है।



इसके अलावा सैनिक स्कूल रीवा की चयन परीक्षा में 2 बच्चो का चयन हुआ है। 12 बच्चो ने चयन परीक्षा में बाजी मारकर पूरे राज्य में इस स्कूल का नाम ऊंचा किया है। जवाहर नवोदय विद्यालय में अथर्व कुशवाहा, भावना सिंह, नीरज सिंह धुर्वे, पूनम, प्रतिमा सिंह उइके, रितिका यादव, रिया टांडिया, संस्कार रौतेल, यज्ञ प्रताप सिंह, सुष्मिता सिंह इसके अलावा सैनिक स्कूल रीवा के लिए सौम्या व अनन्या संत का चयन हुआ है। पिछले वर्ष 2023-2024 में इस विद्यालय से 16 बच्चो का चयन हुआ था। आज भी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में कुल अध्ययनरत छात्रों में से 20% प्रतिशत महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल के छात्र है। ज्ञात हो कि लगभग 5 सौ परीक्षार्थियों में नवोदय विद्यालय में 1 छात्र का चयन होता है जबकि 2 हजार परीक्षार्थियों में से 1 छात्र का चयन सैनिक स्कूल में होता है।जिले से विभिन्न विधाओं में यहां के बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ अपने जिले के साथ विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। जिले में संचालित महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल के छात्र छात्राओं का नवोदय विद्यालय व सैनिक स्कूल में चयन होने पर नगर के साथ जिले के प्रबुद्धजनों ने सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त शुभकामनाएं प्रेषित की है। सभी चयनित छात्र छात्राओं के माता पिता ने विद्यालय के संचालक अशोक कुशवाहा व समस्त शिक्षक व शिक्षिका का धन्यवाद दिया है जिनकी मेहनत और लगन के बदौलत उनके बच्चो का चयन हुआ है।

## 8 अप्रैल को सूर्य ग्रहण

**अनूपपुर।** इस साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल दिन सोमवार को लगने जा रहा है। यह सूर्य ग्रहण रात 09 बजकर 12 मिनट पर लगेगा और इसका समापन 9 अप्रैल दिन मंगलवार को 02 बजकर 22 एएम पर होगा। यह सूर्य ग्रहण मीन राशि और स्वाति नक्षत्र में होगा यह ग्रहण भारत में दिखाई नही देगा सूर्य ग्रहण के दिन सोमवती अमावस्या भी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य ग्रहण आमवस्या पर और चंद्र ग्रहण पूर्णिमा तिथि पर लगता है साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण इस माह अप्रैल में लगने वाला है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, राहु और केतु के कारण सूर्य ग्रहण लगता है क्योंकि वे सूर्य का ग्रास करने का प्रयास करते हैं वहीं यह एक खगोलीय घटनाक्रम है। सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा जब एक सीध में आ जाते हैं तो उस समय सूर्य ग्रहण लगता है। सूर्य ग्रहण का सूतक काल ग्रहण समय से 12 घंटा पहले ही लग जाता है, जिसमें कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है अखिलेश त्रिपाठी ने बताया की सूर्य ग्रहण के समय में गर्भवती महिलाओं को विशेष ध्यान रखना होता है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से पढ़े व्याकरण आचार्य सहज ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने पूरी जानकारी दी।

### पहला सूर्य ग्रहण 2024

इस साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल दिन सोमवार को लगने जा रहा है. यह सूर्य ग्रहण रात 09 बजकर 12 मिनट पर लगेगा और इसका समापन 9 अप्रैल दिन मंगलवार को 02 बजकर 22 एएम पर होगा. यह सूर्य ग्रहण मीन राशि और स्वाति नक्षत्र में होगा. सूर्य ग्रहण के दिन सोमवती अमावस्या भी है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य ग्रहण आमवस्या पर और चंद्र ग्रहण पूर्णिमा तिथि पर लगता है।

### सूर्य ग्रहण का सूतक काल

सूर्य ग्रहण का सूतक काल 12 घंटे पूर्व लगता है। इस आधार पर सूर्य ग्रहण का सूतक काल 8 अप्रैल को सुबह में 09:12 बजे से लगना चाहिए, लेकिन यह सूर्य ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा. इस वजह से सूर्य ग्रहण का सूतक काल मान्य नहीं होगा। यह सूर्य ग्रहण अमेरिका, कनाडा, यूरोप के कुछ पश्चिमी भागों और मेक्सिको में दिखाई देगा. इसके अलावा यह प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर और आर्कटिक में भी देखा जा सकता है।

### सूर्यग्रहण का वैज्ञानिक महत्व

जब चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए सूर्य और पृथ्वी के बीच आ जाता है और इस दौरान सूर्य की रोशनी पृथ्वी तक नहीं पहुंच पाती है। इस खगोलीय घटना को ही सूर्य ग्रहण कहते हैं।

## शासकीय महाविद्यालय राजनगर में विशेष शिविर का पांचवां दिन सम्पन्न

**राजनगर।** राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्र का शासकीय महाविद्यालय राजनगर में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बनगवां (शांतिनगर) में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 30 मार्च से 5 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें पांचवे दिवस शिविर का शुभारंभ नागरिकों एवं कॉलेज स्टाफ के साथ किया गया। पांचवे दिवस में जहां प्रत्येक दिवस की तरह प्रातः योगाभ्यास से दिन के कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। शिविर्थियों के बौद्धिक सत्र का प्रारंभ डॉ. जे.के संत, प्राचार्य तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन डॉ.जे. के संत ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा तथा वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन से संबंधित जानकारी विस्तार से बताया साथ ही अपना मतदान का उपयोग किए जाने हेतु कहा। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश बरकडे. प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कोतमा से आये जिन्होंने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है, जिसको अधिक आसान शब्दों के माध्यम से शिविर्थियों को बताया। इससे उपस्थित सभी शिविर्थियों बहुत लाभान्वित हुए। नागरिकों में अवधराज प्राचार्य शा. पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनगवां, सोमनाथ मिश्रा, विकास सिंह चौधरी, ममता सिंह, एवं पत्रकार अमित सेनगुप्ता, पंकज कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्वक सम्पन हुआ।



# हम सब को साथ लेकर चलने में करते हैं विश्वास-फुंदेलाल सिंह

**जमुना/बदरा।** हम सबको साथ लेकर चलने मे विश्वास करते हैं आम लोगों के सहयोग से इस चुनाव में आपके बीच हैं जनता भाजपा सरकार से परेशान है और बदलाव चाहती है लेकिन हम सब को इसके लिए जनता जनार्दन के पास जाने की जरूरत है। उक्ताशय के विचार कांग्रेस पार्टी के अधिकृत लोकसभा प्रत्याशी विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल सिंह मार्को ने कोतमा में आयोजित बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। 3 अप्रैल को गोविंद भवन कोतमा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया सर्वप्रथम विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने माता शारदा देवी के मंदिर में मत्था टेक कर आर्शीवाद प्राप्त किया तत्पश्चात बैठक में शामिल हुये जहां उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, संगठन प्रभारी अजय अवस्थी, पूर्व विधायक कोतमा मनोज अग्रवाल, राजकुमार शुक्ला, अशोक त्रिपाठी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश जैन, संतोष मिश्रा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान, एन एसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद, जिला पंचायत सदस्य रामजी मिश्रा रिंकू, महिला कांग्रेस नेत्री संध्या वर्मा सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नेता संतोष मिश्रा ने किया। गोविंद भवन कोतमा में कांग्रेस के बैठक में अपने विचार रखते हुए कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहा कि यह चुनाव संविधान व देश बचाने का चुनाव है संवैधानिक व्यवस्था तार तार की जा रही है तानाशाही की सरकार चल रही है विपक्षी दलों पर दबाव बनाया जा रहा है विधायक सांसद खरीदे जा रहे हैं। श्री मार्को ने कहा इस समय कुछ लोग अपने व्यवसाय को बचाने के लिए भाजपा के शरण में जा रहे हैं जिस पार्टी ने उनको मान सम्मान दिया वे बुरे वक्त में पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा के एक मंत्री ने कहा है कि कचरे तीन तरह के होते हैं सूखा कचरा, गीला कचरा व लसलसा कचरा इसके मायने निकाले जाने की जरूरत है। आने वाले 19 अप्रैल को मतदान होना है इसलिए सभी साथी अपने अपने पोलिंग बूथ स्तर पर जाकर आम लोगों से चर्चा करें और कांग्रेस की नीतियों के बारे में बताकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे तो हम इस चुनाव को अच्छे मतों से जीतेंगे। कार्यक्रम में प्रभारी अजय अवस्थी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जनता बदलाव चाहती है हम सब को स्थानीय मुद्दे पर ध्यान देने की जरूरत है और लोगों को बताया जाना चाहिए कि विगत कई वर्षों से भाजपा की यहां से सांसद हैं और उन्होंने क्या काम किया है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऊर्जावान नेता को टिकट दिया है वे सभी को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं और आम जनता के लिए हर समय उपलब्ध रहते हैं उनके चुनाव जीतने के बाद पूरे क्षेत्र का विकास होगा हमारे कांग्रेस के सभी साथी क्षेत्र में जा कर आम लोगों से चर्चा करें लोग भाजपा सरकार से परेशान हैं और बदलाव चाहते हैं। यह चुनाव हम अच्छे मतों से जीतेंगे पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ नेता अशोक त्रिपाठी, राजकुमार शुक्ला, राजेश जैन, शिवनारायण पांडेय, गुड्डू चौहान, रफी अहमद, मंडलम अध्यक्ष एडवोकेट अमरेंद्र सिंह परिहार, मंडलम अध्यक्ष देवगवा शिवनारायण पांडेय, सुश्री संध्या वर्मा, शिवम सराफ सहित कई नेताओं ने अपने अपने विचार रखते हुए कांग्रेस को विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राकेश जैन, सफीर मंसूरी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट इस्तियाक अहमद, वरिष्ठ नेता गोविंद पांडेय, आशु ताम्रकार, रविन्द्र सुखाड़यि, रियाज अंसारी, संदीप सिंह, शिवकुमार शर्मा सहित भारी संख्या में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कोतमा में बैठक के बाद कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल सिंह मार्को राजनगर व बिजुरी के लिए रवाना हो गए जहां पर भी कांग्रेस कार्यकतार्ओं की बैठक लेकर इस चुनाव में जीत हासिल करने के लिए बूथ स्तर पर काम करने की अपील की।




## गोविंद भवन कोतमा में कांग्रेस की बैठक सम्पन्न